तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 6.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 16 दिसंबर 2024



16 लाइन लॉस कम करने की कवायद, 28 सौ करोड़...



18 प्रकृति की सुरक्षा की शिक्षा आदिवासी समाज से...









प्रेम रतन पैलेस & रिसॉर्ट

राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)

ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था

सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिरह, फैशन शो की पूरी सुविधा

- हरा-भरा गार्डन
- शुद्ध हवा
- AC रूम
- 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं

नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम

मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900

प्रबंधक की आवश्यकता है युवक-युवती संपर्क करें 9926133072


## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स का मिलन और सम्मान समारोह कल

**राजिम।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा राजिम के तत्वावधान में पेंशनर मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन राजिम एसडीएम विशाल महाराणा के मुख्य आतिथ्य एवं पेंशनर समाज के अध्यक्ष बैसाखुराम साहू की अध्यक्षता में कल 17 दिसंबर को होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोषालय अधिकारी प्रेमचंद खलको,राजिम टीआई अमृत लाल साहू,स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर रोहित कुमार एवं सहायक कोषालय अधिकारी जया गोस्वामी मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से राजिम के यादव धर्मशाला में होगा। यह जानकारी देते हुए पेंशनर समाज के वरिष्ठ मनीराम साहू ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। नए सदस्यों का श्री फल,गमछा भेंट कर सम्मान किया जाएगा। दिसम्बर माह में जन्मदिन वाले सदस्यों को बधाई पत्र श्रीफल, गमछा भेंट की जाएगी। इसके साथ ही 80 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्यों को श्रीफल गमछा एवं तिलक चंदन लगाकर सम्मानित किया जाएगा। नए सदस्यों को परिचय पत्र दी जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य गीत से होगा। कार्यक्रम में पत्रकारों का सम्मान प्रतीक चिन्ह,शाल श्रीफल भेंट कर किया जाएगा।

### घासीदास जयंती पर होंगे विविध आयोजन

**मुड़ागांव (कोरासी)।** विकासखण्ड छुरा के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम खड़मा अमेठी गोदलाबाहरा में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वां जयंती 18 दिसम्बर को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर ग्राम खड़मा में सतनाम संदेश शोभायात्रा दोपहर 1 बजे से निकाली जाएगी। जागृति पंथी पार्टी, ग्राम-भलेसर (महासमुन्द) द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रम सूरज के किरण छत्तीसगढ़ी नाचपार्टी धामदीटोला बाजार, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) की प्रस्तुती होगी। जिसकी तैयारी में समस्त सतनामी समाज लगा है।

### विधायक रोहित का जनदर्शन 16 से 20 दिसंबर तक स्थगित

**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू 16 से 20 दिसंबर तक विधानसभा सत्र में भाग लेंगे। इस कारण विधायक भवन राजिम में प्रतिदिन लगने वाला जनदर्शन स्थगित रहेगा। वही शीतकालीन सत्र समाप्त होने पर जनदर्शन यथावत रहेगा। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द ने दी है।



### एक्सीडेंट में युवक घायल

**महासमुंद।** बीते सितंबर माह में हुए एक्सीडेंट के मामले में पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 15 सितंबर को सुबह लगभग 9 बजे नर्रा निवासी जगदीश निषाद (22 वर्ष) अपना जन्मदिन मनाने पिथौरा के लिए निकला था, तभी लगभग 9:30 बजे जब ग्राम बसुलाडबरी के पास सामने से आ रही वाहन पिकअप क्रमांक-सीजी-06-जीजेड-6083 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर युवक का एक्सीडेंट कर दिया गया।

---

**अच्छी खबर : सिकासार दल में हाथियों की संख्या बढ़कर हो गई 30**

# हाथियों के दल में आया नया मेहमान शावक को चारों तरफ से घेरे रखा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व जंगल क्षेत्र से एक खुशखबरी निकल कर सामने आई है। हाथियों के दल में एक नया मेहमान आया है। नए शावक को हाथियों के दल ने घेरकर रखा है। शावक आने की जानकारी लगते ही वन विभाग द्वारा हाथियों की सुरक्षा को लेकर गश्त बढ़ा दी गई है।

अलग खबर

ज्ञात हो कि लगभग एक माह पूर्व टाईगर रिजर्व क्षेत्र में पोटाश बम चबा लेने के कारण एक हाथी के शावक का इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसके आरोपियों को कल ही वन विभाग ने गिरफ्तार कर तीन लोगों के उपर कार्रवाई की है। वहीं दूसरी ओर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व से एक सुकून और खुशखबरी वाली खबर निकल कर सामने आई है। सिकासार दल के नाम से जाने जाने वाला हाथी के दल में एक नया मेहमान कल शनिवार को आया है। नया मेहमान आने की जानकारी लगते ही वन विभाग के असफसर एवं अधिकारी कर्मचारी लगातार हाथियों के सुरक्षा को लेकर पहले से ज्यादा सर्तकता बरती जा रही है। अब हाथियों के दल में फिर नया मेहमान आने से संख्या 30 हो गई है। हाथियों का दल शावक को चारों तरफ से घेर कर अपनी सुरक्षा में रखे हुए है।

**वन विभाग ने हाथियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ाई गश्त**



फाइल फोटो

### नया मेहमान आया : जैन

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने इस खबर की पुष्टी करते हुए बताया उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र में विचरण कर रहे सिकासार दल हाथियों में एक नया मेहमान आया है। हाथियों का दल शावक को अपनी सुरक्षा में चारों तरफ से घेर कर चल रहे हैं। उन्होने आगे कहा वन विभाग द्वारा भी हाथी के शावक के सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुश्तैदी बरती जा रही है।

---

# फास्ट ट्रेक कोर्ट ने दुष्कर्म करने वाले युवक को दी दस साल कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- विभिन्न धाराओं में सुनाई सजाएं, सभी एक साथ चलेंगी
- साप्ताहिक बाजार से लौटाने के दौरान आरोपी ने वारदात को दिया था अंजाम

जिले के विशेष न्यायालय ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी टेमन कमार को दस साल कठोर कारावास की सजा दी है। आरोपी टेमन कमार पिता एहमत कमार ने 14 मई 2023 को पीड़िता के साथ दुष्कर्म के घटना को अंजाम दिया था। विचारण उपरांत 13 दिसम्बर को न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया।

जानकारी के मुताबिक विगत 14 मई को पीड़िता जंगल के रास्ते समीप के गांव साप्ताहित बाजार में खरीदी करने बाजार गई थी। शाम वापस घर लौटने के दौरान आरोपी ने जंगल में रास्ता रोक दुष्कर्म किया। बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता की शिकायत पर पांडुका थाना में आरोपी टेमन कमार के विरूद्ध दुष्कर्म, रास्ता रोकने व जान से मारने की धमकी के तहत विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु भेजा गया।

उपरोक्त मामले में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय गरियाबंद के न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्य एवं दस्तावेजों के अवलोकन व प्राप्त निष्कर्षों के अनुरूप आरोपी टेमन कमार को घटना दिनांक, स्थान व समयावधि में पीड़िता का रास्ता रोक उसे सदोष अवरोध कारित कर उसकी सहमति एवं इच्छा के बगैर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर बलात्संग करना और पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर अपराधिक अभित्रास कारित किये जाने का दोषी पाया। न्यायाधीश ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत 10 (दस) वर्ष का कठोर कारावास एवं एक हजार रुपए का अर्थदंड, जान से मारने की धमकी धारा-506 भाग-दो के तहत एक वर्ष का कठोर कारावास एवं एक हजार रुपए का अर्थदंड तथा रास्ता रोकने धारा-341 के तहत एक माह का सादा कारावास एवं ▶▶|शेष पेज 14 पर

---

# फसल कटाई के बाद किसान खेतों में ना जलाएं पराली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- रोबा में कृषि विभाग ने लगाई चौपाल, की अपील

विकासखंड के ग्राम रोबा में अधिकारियों ने कृषि चौपाल लगाई। चौपाल में कृषि विभाग के अधिकारी –कर्मचारियों ने फसल कटाई के बाद किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाने की अपील की है। सामान्यतः देखा गया है कि किसान फसल की कटाई के बाद पैरे में आग लगा देते हैं।

उप संचालक कृषि जिला गरियाबंद चंदन राय के निर्देशानुसार आयोजित कृषि चौपाल में खिलेश्वर साहू कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि किसान यदि फसल अवशेष जलाते हैं तो उससे कई हानियां होती हैं। खेतों में फसलों के अवशेषों को जलाने से जड़,तना,पत्तियों में संचित लाभदायक पोषक तत्वों का नष्ट होते हैं। फसल अवशेषों को जलाने से मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होती है जिसके कारण मृदा के भौतिक, रसायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पादप अवशेषों में लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पशुओं के चारे की व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।जहाँ पर हार्वेस्टर के प्रयोग फसलों के कटाई में करते हैं वहाँ पर फसलों के अवशेष डंठल के रूप में खड़े होते हैं एवं उनके जलाने पर नजदीक के किसनों के फसलों में आग लगने की संभावना बनी रहती है। जिससे खड़ी फसल एवं आबादी में अग्निकाण्ड होने की संभावना बनी रहती है। वहीं आसपास के खेत व खलिहान तथा मकान में भी अग्निकाण्ड के कारण अत्यधिक ▶▶|शेष पेज 14 पर



---

# विष्णुदेव सरकार ने एक वर्ष में अभूतपूर्व कार्य किए : योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष पण्डित योगेश शर्मा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष में हुए विकास कार्यों को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान की गई घोषणा को भाजपा ने मोदीजी की गारंटी के रूप में विजन बनाकर काम किया। जिसके अन्तर्गत किसानों के धान को 3100 रुपए के भाव से और 21 क्विंटल की खरीदी किया जा रहा है। 70 लाख माताओं को महतारी वंदन के तहत प्रतिमाह 1000 रुपए दिया जा रहा है। बीते 5 वर्ष में प्रधानमंत्री आवास कार्य शुरू नहीं हुए थे। जिससे गरीब तबके के लोग वंचित रहे। हमारी भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख अवास उपलब्ध कराने जा रही है। गांव–गांव प्रधानमंत्री आवास का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। भाजपा सरकार का पहला साल विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। विष्णुदेव सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया। और उपलब्धियां हासिल की। श्री शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री ▶▶|शेष पेज 14 पर



---

**सोरिद में ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन**

# आयुष चिकित्सा विज्ञान को जीवन में करें आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

विकासखंडस्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन गायत्री मंदिर परिसर सोरिद में संपन्न हुआ। जनपद सदस्य पुष्पा देवानंद सिन्हा, रतिराम साहू , श्रीराम सिन्हा आदि गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

शिविर प्रभारी डॉ. विनोद ठाकुर ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करते हुए आयुष चिकित्सा विज्ञान को जीवन में आत्मसात करने की अपील। शिविर में वात रोग, सांस, संधि वात, प्रतिश्याय, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, ज्वर, बाल रोग , स्त्रीरोग , मूत्ररोग के मरीजों का उपचार एवं निशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित जिला आयुष अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव ने आयुष विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जनसामान्य को बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ लाभ उठाने की अपील की। शिविर में केंद्री आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे देश की प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत एंड्रॉइड मोबाइल के माध्यम से प्रकृति परीक्षण भी किया गया। जिससें लोगों को भविष्य में होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत प्रोफाइल के अनुसार दिनचर्या एवं ऋतुचार्य का पालन किया जा सके। शिविर में कुल 254 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में डॉ. ऐश्वर्य साहू , डॉ. प्रीति साहू , डॉ. मनीषा भगत , डॉ. मिथलेश ठाकुर, फार्मासिस्ट श्यामाचरण दीवान , रूप सिंग नेताम , शरद सिन्हा, झरना साहू, संतोष यादव , खेमचंद मांडले, धनेश ध्रुव, मनसा राम एवं योग प्रशिक्षक रोशनी सेन ने अपनी सेवाएं प्रदान की।



शिविर में 254 मरीजों का किया गया उपचार

---

**भगवत कथा के तीसरे दिन बराह चरित, सती प्रसंग और ध्रुव चरित की कथा सुनाई**

# सत्संग का लाभ तभी मिलेगा जब मन में श्रद्धा-भक्ति हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भाव के भूखे हैं भागवन, भाव ही इक सार है , जो भाव से भजता है उनका तो भव से बेड़ा पार है। जीवन में सत्संग तभी प्रवेश करता है जब मन में अटूट श्रद्धा और भक्ति भगवान के चरणों में हो जाती है। तभी भगवान की कृपा के प्रभाव से सत्संग होता है।

कथा वाचक नारायण महराज ने बताया कि जीवन में व्यक्ति सत्संग तो बाद में करता है, पहले संत का संग करता है। संत के संग के माध्यम से ही सत्संग किया जाता है। सत्संग करने की पद्धति बताते हुए उन्होंने बताया कि सत्संग करने के लिए तीन कार्य आवश्यक है सर्वप्रथम मन का शुद्ध होना , दूसरा दृष्टि की पवित्रता को और तीसरा आसन की पवित्रता होनी चाहिए। गरियाबंद के हृदय स्थल गांधी मैदान में अपने पितरों के मोक्षार्थ मनकुपिया परिवार द्वारा आयोजित भगवत कथा के तृतीय दिवस पर बराह चरित्र , सती प्रसंग और ध्रुव चरित्र की कथा निकुंज आश्रम से आए नारायण महराज ने सुनाई। संत का कोई वेश नहीं होता संत का तो परिवेश होता है। संत का चित्त नहीं होता संतों का चरित्र होता है। वैसे ही भक्त का भी भाव और स्वभाव ही होता है। भक्त का भी कोई वेश नहीं होता । भगवान से मिलने का अगर स्वभाव हो गया तो सुख ढूंढने की जरूरत नहीं है वो खुद ब खुद जीवन में प्रवेश करने लगेगा। जिस व्यक्ति के प्रतिदिन मंदिर जाने के स्वभाव होता है वह व्यक्ति अनर्गल विचारों से दूर हो जाता है ।

**भगवान, संत, गुरु नहीं बदलते-** सैकड़ों की संख्या में मौजूद भक्तों से नारायण जी महराज ने कहा कि भगवान कभी नहीं बदलते , संत कभी नहीं बदलते, गुरु कभी नहीं बदलते हमारी दृष्टि बदल जाती है। हमारा समर्पण बदल जाता है , हमारे भाव बदल जाते हैं। हमारी श्रद्धा बदल जाती है। लेकिन सच्चे भक्त के जीवन की दशा यही होती है कि भक्त के जीवन में अभाव भी आए तो गोविंद की कृपा समझ के स्वीकार कर लेता है।

**भाव से भजने पर भगवान भव से बेड़ापार लगाते हैं : नारायण महाराज**






बोर खनन

राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम

बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000

छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000

100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है। बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।


बोर खनन के लिए संपर्क करें- मुकेश साहू पता-गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने


मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468














प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123










प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### गाड़ाघाट में नवीन उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 15 गाड़ाघाट में वार्डवासियों की मांग पर नवीन उचित मूल्य दुकान की शुरुआत हुई। बता दें कि गाड़ाघाटवासियों को राशन लेने के लिए 2 किलोमीटर दूर नगर के वार्ड नं 1 उचित मूल्य दुकान सोसायटी जाना पड़ता था। वार्ड नं 15 में आदिवासी समुदाय की बहुलता है। लोगों को राशन लाने बहुत परेशानी होती थी। इस समस्या को देखते हुए सबसे पहले वार्ड नं 15 में नवीन भवन निर्माण कराया गया। जहां उचित मूल्य दुकान संचालित किया जा सके। आंगनबाड़ी के पास ही नवीन उचित मूल्य दुकान सोसाइटी का जनप्रतिनिधियों ने रिबन काट कर शुरुआत की। गाड़ाघाट के लोगों की सुविधा के लिए बस स्टॉप के लिए भी भूमिपूजन किया गया। नगर के वार्ड 12, 13 एवं 14 भाठापारा में भी शीघ्र की नवीन उचित मूल्य दुकान सोसाइटी खोलने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, पोषण निर्मलकर, गंगा निषाद, मानसिंग ध्रुव, चैनुराम साहू, द्रोणाचार्य साहू, चीमा, पुष्कर यादव, गैंदराम यादव, भरत निर्मलकर, भगवत साहू, देवचरण साहू, मोहन ध्रुव, भुवन ध्रुव, कृष्ण कुमार चंद्राकर, रघु ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देश पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन स्व मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में 16 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से शाम 2 बजे तक किया जाएगा। जहां पर डॉ कुणाल नायक शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों का जांच, डॉक्टर स्मृति चौधरी डेंटिस्ट द्वारा दंत रोग की विशेष जांच के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ टीम द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन, बीपी, शुगर, सिकल सेल, एचआईवी जांच, कुष्ठ रोग व हीमोग्लोबिन की जांच तथा टीबी स्क्रीनिंग नेत्र परीक्षण व सामान्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से उपरोक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी स्वास्थ्य विभाग के टीआर धृतलहरे खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी ने दी है।

### शहीद स्मारक में आज मनाया जाएगा विजय दिवस



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को शहीद स्मारक में विजय दिवस मनाया जाएगा। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने सभी लोगों शहीद स्मारक में विजय दिवस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### लामीडीह में नवनिर्मित रंगमंच भवन का लोकार्पण



**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लामीडीह में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित रंगमंच का लोकार्पण समारोह पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच गुलाल लोधी ने की। वही विशेष अतिथि सीटू सलूजा रहे। अतिथियों का ग्रामवासियों ने रावत नाचा दल के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का श्रीगणेश ग्राम देवी -देवताओं की पूजा अर्चना से हुआ।

## रबी फसल की तैयारी में जुटे किसान, खेतों में पानी छोड़ने के बाद कर रहे जुताई का कार्य



**नर्रा।** क्षेत्र में खरीफ फसल की कटाई मिंजाई होने के बाद अब साधन सम्पन्न किसान ग्रीष्मकालीन रबी फसल की तैयारी को लेकर खेत की साफ-सफाई व खेत में बोरवेल से पानी भी छोड़ रहे हैं। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र में बरसाती खरीफ फसल धान की कटाई कार्य पूर्ण हो जाने के बाद अब किसान रबी फसल की तैयारी में जुट गए हैं। खेतों में पानी छोड़ने पश्चात ट्रैक्टर से जुताई करने के बाद रोपाई के लिए बीज डालना शुरू कर दिए है। वही इक्का-दुक्का किसान धान बीज को अंकुरण करके बुआई भी कर रहे हैं।

# नगर की आरती ध्रुव बनीं सिविल जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय नया रावणभाठा निवासी आरती ध्रुव पिता बलराम ध्रुव का चयन सिविल जज के पद पर हुआ। आरती ध्रुव के निवास में उनके माता-पिता तथा भाई संतोष ध्रुव की उपस्थिति में छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ जिला एवं ब्लॉक महासमुंद तथा गोंड समाज की तरफ से पुष्प गुच्छ भेंटकर हर्ष जताया। साथ ही लक्ष्मण सिंह पैकरा को पीडब्लू विभाग में पदोन्नति होने तथा वेदराम ध्रुव मानचित्रकार के पद पर सेवानिवृत्ति पर भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। इस दौरान एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव, एमएल ध्रुव जिला अध्यक्ष, महेश कुमार ध्रुव ज़िला महासचिव, टीआर ध्रुव कोषाध्यक्ष, सनमान सिंह दीवान प्रांतीय पदाधिकारी कंवर समाज, बीएस नेताम संरक्षक आदिवासी समाज, रामानंद ध्रुव, सुरेंद्र सिंह ठाकुर गोंड समाज, लखन लाल ध्रुव (आईटीआई), बीके चंद्राकर सेवानिवृत कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।



## आयोजन : स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दी नृत्य, नाटक की प्रस्तुति

# केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय में केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केआर चंद्राकर पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं पूर्व प्राचार्य शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। ज्ञात हो कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना 15 दिसंबर 1963 को किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों को एक समान गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना था। पूरे भारत वर्ष में लगभग 1256 केंद्रीय विद्यालय अपने स्वर्णिम उद्देश्य को लेकर प्रगति पथ पर अग्रसर है। विदेशो में भी केंद्रीय विद्यालय अपना परचम फैला रहा है।



प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन एवं सीसीए प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्राकर, सह प्रभारी दशरथ राम यादव एवं भूमिका के संयोजन में विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मंचासीन सुरेश कुमार सिंह स्नातकोत्तर शिक्षक अंग्रेजी एवं प्रभारी प्राचार्य ने अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ से कर अपने उद्बोधन में केंद्रीय विद्यालय संगठन के बारे में विचार व्यक्त किए। केवि महासमुंद के होनहार विद्यार्थियों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया। कक्षा सातवी के बच्चों ने भारत का स्वर्णिम गौरव केंद्रीय विद्यालय लाएगा गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने शिक्षा प्रद नृत्य नाटक से खूब तालियां बटोरी। वरिष्ठ शिक्षक विवेकानंद प्रधान ने केवि के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अतिथि ने केवि की शिक्षा प्रणाली की तारीफ करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा नवमी की प्रकृति साहू ने सारगर्भित विचार प्रकट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कांता एक्का मुख्य अध्यापिका, लोकेश सिंह, विवेकानंद प्रधान, वंदिनी जौहरी, वंदना, वंदिनी, भूमिका, हुलसी, प्रभात देवांगन, नील माधव, गुलाब आदि का सहयोग रहा।



### केंद्रीय विद्यालय में हुआ सामुदायिक भोजन का आयोजन

स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस पर प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में केआर चंद्राकर पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी थे। विद्यार्थी अपने भोज में विभिन्न राज्यों के पकवान बनाकर लाए थे। सभी विद्यार्थी एक-दूसरे के पकवान के बारे में जानकारी देते हुए, मिल बांटकर एक साथ खाने का आनंद लिया। प्रधानाध्यापिका कांता एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि हमें एक दूसरे के संस्कृति परंपरा और खानपान को सम्मान देना चाहिए। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुरेश कुमार सिंह ने सामुदायिक भोज के आयोजन को आपसी भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा देने वाला बताया। मुख्य अतिथि चंद्राकर ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित किया । उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से एकता और सामाजिकता की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक नील माधव सिंह, गुलाब आवड़े, प्रवीण साहू,विजेता, सोनिया, प्रकृति, नागेश्वर उपस्थित रहे।

## चिरको महाविद्यालय में पोषक शाला संपर्क अभियान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शतप्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने के लिए पोषक विद्यालय संपर्क कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में 7 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया हैं।

पोषक शाला संपर्क अभियान के प्रथम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनपचरी, द्वितीय दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायतुम में जानकारी दी गई। अभियान के लिए महाविद्यालय के संयोजक तरुण कुमार ध्रुव ने अभियान के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि महाविद्यालय में स्वीकृत सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश के लिए पोषक विद्यालय का चिन्हांकन करते हुए उच्चतर माध्यमिक कक्षा (11वीं/12वी) के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों/विषयों, एनएपी-2020, उपलब्ध सुविधाओं, प्रवेश प्रक्रिया शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभकारी योजनाओं, महाविद्यालयीन पूर्व छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों, सफलताओं से अवगत कराना, वर्तमान उत्कृष्ट विद्यार्थियों से परिचर्चा आदि का आयोजन करना है व इस पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। सहसंयोजक मनहरण ठाकुर ने महाविद्यालय में होने वाले अन्य आवश्यक पाठ्येत्तर गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथरेड क्रॉस इकाई, खेलकूद जैसी गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।

प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान ने उपस्थित कक्षा (11वीं/12वीं) के समस्त विद्यार्थियों को समस्त संकाय में कैरियर की संभावनाओं को विस्तारपूर्वक समझाते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान, प्राचार्य कुमार लाल साहू, प्राचार्य एसके सेन, महाविद्यालय से ऋषि वर्मा सहायक ग्रेड-3 व सभी विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

## नपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**बागबाहरा।** स्थानीय वार्ड नंबर 09 में बरगद पेड़ से मोहन घर तक राशि 19 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नपाध्यक्ष हीरा सेतराम बघेल द्वारा किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में गणपत जगत, हरकेश जगत, कन्हैया बघेल, सुभाष सोमानी, दामोदर टांडी, तरुण यादव, विनोद सोनवानी, हीरा जगत, सुरेश जगत, दसोद जगत, बनर्जी बारिक, हरिचरण यादव, अजय बघेल एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

### फास्ट ट्रेक कोर्ट ने दुष्कर्म...

पांच सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। कारावास की सभी सजाएं साथ चलेगी। **8 साक्षियों का कराया गया कथन-** विशेष लोक अभियोजक हरि नारायण त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में अभियोजन की ओर अपने पक्ष समर्थन में कुल 8 साक्षियों का कथन कराया गया। इसके अलावा न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा पीड़िता की मानसिक पीड़ा, घटना से होने वाले शारीरिक व मानसिक पीड़ा तथा उसके जीवन व मनोदशा पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए पीड़िता को चार लाख रुपए प्रतिकर दिलाये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर को आदेश अग्रेषित किया है।

### फसल कटाई के...

नुकसान उठाना पड़ता है। कृषि अधिकारी ने बताया कि स्थानीय विधि से फसल अवशेषों में यूरिया का स्प्रे करे जिससे फसल अवशेष बहुत जल्दी सड़ता है और खाद का रूप ले लेता खाद है। फसल अवशेष (पैरे)को मिटटी में मिलाएं निम्न कृषि यंत्रों के द्वारा किसान फसल अवशेष को मिटटी में मिलाएं और अवशेषों को धरती माता का आहार बनाएं। **ग्रामीणों को कर रहे जागरूक-** अफसरों ने अंचल के कृषकों से अपील की कि किसी भी फसल के अवशेष को जलायें नहीं बल्कि मृदा में कार्बनिक पदार्थों की वृद्धि हेतु पादप अवशेषों को सड़ावें। इसके लिए विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम में मुनादी करा कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम मे जनपद सदस्य राधे साहू ग्राम सरपंच मंगलू राम साहू,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के. आर वर्मा, हरिशंकर सुमेर व सभी ग्राम वासी उपस्थित थे।

### विष्णुदेव सरकार ने एक...

भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपयी के सुशासन के सपने को विष्णुदेव सरकार लगातार साकार कर रही है। राज्य सरकार सबका साथ, सबका विश्वास, सब का विकास और सबके प्रयास के नीति पर चलते हुए विकास के नया सोपान तय कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ के साथ भगवान राम का गहरा नाता है। छत्तीसगढ़ को भगवान राम का नौनिहाल कहा जाता है। इस लिए प्रदेश में रामलला दर्शन योजना शुरू करके सरकार यहां के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्याधाम की निशुल्क यात्रा की शुभारंभ की है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय श्रीराम वाटिका अयोध्या में भव्य कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आयोजन वार्डवासी परमेश्वर पप्पू ठाकुर, सुनयना ठाकुर एवं आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा कराया जा रहा है। वेदी पूजन पश्चात गौकरण कथा का शुभारंभ करते हुए श्रीधाम वृंदावन ब्रज क्षेत्र के भागवताचार्य मुरलीधर महाराज ने कहा कि भागवत कथा जीवन का सार है। कथा के श्रवण मात्र से जीव धन्य हो जाता है एवं जन्म चक्रों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि कई जन्मों के पुण्य प्रताप से भागवत कथा का आयोजन का सौभाग्य प्राप्त होता है। कलयुग में नाम की भक्ति करनी चाहिए। उनके द्वारा रामचरित मानस के अनेक उदाहरणों के माध्यम से कलयुग में भगवान के नाम मात्र स्मरण को जीवन का धन बताया।

जानकारी देते हुए टेकराम सेन ने बताया कि इस भव्य आयोजन में श्रीमदभागवत कथा के माध्यम से पं. मुरलीधर महाराज समुद्र मंथन, कृष्ण बाल लीला, कृष्ण जन्म उत्सव, रुखमणि विवाह कथा का वाचन होगा। उन्होंने वार्ड एवं शहरवासियों से अपील की है कि भगवान के इस अमृतमयी कथा का श्रवण करने दोपहर 3 बजे से श्रीराम वाटिका अयोध्या नगर महासमुंद में अवश्य पधारे एवं अपने जीवन को धन्य करें। मुख्य आयोजनकर्ता एवं वार्डवासियों की ओर से परमेश्वर पप्पू ठाकुर ने कहा कि वृंदावन धाम से पधारे महाराज का कथन श्रवण करना हम सबका सौभाग्य है। उन्होंने भागवत कथा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भक्तजनों को आने का निवेदन किया है।




Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130













प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

# लाइन लॉस कम करने की कवायद, 28 सौ करोड़ की योजना पर चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपने प्रदेश में लाइन लॉस को कम करने की कवायद चल रही है। राज्य के कई जिलों में 50 फीसदी से ज्यादा लाइन लॉस होता है। चाहकर भी इसे रोकने में कामयाबी नहीं मिल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को हर साल लाइन लॉस और बिजली चोरी से करीब दो हजार करोड़ का झटका लगता है।

■ कवर्धा में खर्च होंगे सबसे ज्यादा 400 करोड़

यह झटका बिजली चोरी से ज्यादा लगता है। लाइन लॉस को कम करने और बिजली चोरी को रोकने की कवायद में पावर कंपनी ने 29 सौ करोड़ की योजना बनाई जिसे केंद्र सरकार से भी मंजूरी मिल गई है। सभी जिलों का टेंडर फाइनल होने के बाद कंपनी को सौ करोड़ बच भी रहे हैं। 2903 करोड़ का टेंडर 28 सौ करोड़ में फाइनल हुआ है। सभी जिलों में काम भी चल रहा है। जहां बीजापुर का काम पूरा हो गया है, वहीं नारायणपुर का काम भी पूरा होने वाला है। सबसे ज्यादा कवर्धा जिले में करीब 400 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। रायपुर के लिए 213 करोड़ की योजना है। अगले साल दिसंबर तक सभी स्थानों पर काम पूरा करने का लक्ष्य है।

खास खबर



देश भर में लाइन लॉस कम करने की कवायद में केंद्र सरकार जुटी है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की 2903 करोड़ की योजना को भी मंजूरी मिली है। इस योजना में केंद्र सरकार से 60 फीसदी पैसे मिलेंगे। 40 फीसदी खर्च पॉवर कंपनी करेगी।

योजना में लाइन लॉस कम करने के लिए जहां बिजली की लाइनों को छोटा किया जा रहा है, वहीं ट्रांसफार्मरों की संख्या में इजाफा किया जा रहा है। इसी के साथ खुले तारों के स्थान पर केबल लगाने का काम हो रहा है ताकि तारों में होने वाली हुकिंग को रोका जा सके। हुकिंग करके ही प्रदेश के कई जिलों में बिजली चोरी की जाती है।

### कवर्धा में खर्च होंगे 4 सौ करोड़

योजना को पॉवर कंपनी ने 31 जिलों में वहां की जरूरत के हिसाब से बांटकर खर्च तय किया है। इसमें सबसे ज्यादा कवर्धा जिले के लिए 397.03 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। कवर्धा में बिजली चोरी के कारण लाइन लॉस ज्यादा होता है। जानकारों की मानें तो यहां पर आधी बिजली चोरी हो जाती है। कवर्धा के बाद सरगुजा में 255.39 करोड़ खर्च किए जा रहे है। यहां भी करीब 50 फीसदी बिजली चोरी होती है। सूरजपुर में 194.39 करोड़, बलरामपुर में 132.94 करोड़, कोरबा में 111.30 करोड़, राजनांदगांव में 182.74 करोड़ और रायपुर में 213.33 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं।

### नारायणपुर में सबसे कम खर्च

जिन जिलों में ज्यादा लाइन लॉस नहीं है वहां सौ करोड़ से भी कम खर्च होंगे। ऐसे जिलों में सबसे कम 2.64 करोड़ नारायणपुर में खर्च हो रहे हैं, यहां का काम लगभग पूरा होने वाला है। इसी तरह से 3.31 करोड़ का काम बीजापुर में हो गया है। इसके अलावा 11.19 करोड़ बालोद, 24.02 करोड़ गौरेला पेंड्रा, 39.78 करोड़ बस्तर, 71.00 करोड़ खैरागढ़, 58.63 करोड़ दुर्ग, 41.15 करोड़ बेमेतरा, 81.11 करोड़ गरियाबंद, 92.16 करोड़ बलौदाबाजार, 36.13 करोड़ जशपुर, 54.48 करोड़ कोरिया, 58.43 करोड़ जांजगीर चांपा, 56.64 करोड़ शक्ति, 33.44 करोड़ मुंगेली और 94.49 करोड़ सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खर्च किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन, 260 का पंजीयन

**रायपुर।** मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल द्वारा समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन भवन में तीन दिवसीय आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन शनिवार को किया गया। यह शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से लगाया गया था। इस शिविर में अभी तक 260 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जहां पर हाथ, पैर, कैलिपर्स, बैसाखी एवं कान की मशीन निशुल्क मरीज को पंजीयन कराकर उनकी जांच कर उन्हें निशुल्क कृत्रिम अंग का प्रत्यारोपण किया जाता है। इस कार्यक्रम में समाजसेवी बसंत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में सियाराम अग्रवाल, अमर पारवानी, अमर बंसल, कन्हैया अग्रवाल, मंच के सदस्य एवं सभी अतिथि उपस्थित रहे।

### धान खरीदी पर पूर्व मंत्री कंवर ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**रायपुर।** पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को पत्र लिख कर राइस मिलरों के बकाया का जिक्र करते हुए भुगतान की मांग की है। उन्होंने समितियों में जमा धान के उठाव के लिए शासन और राइस मिलरों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की मांग की है, जिससे किसानों में पनप रहे आक्रोश का असर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में देखने को न मिले।

### नवशरण बने बस विभाग के अखिल भारतीय प्रभारी



**रायपुर।** बस एवं कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विगत दिनों मुंबई में चुनाव हुआ, जिसमें बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सदस्य नवशरण सिंह गरचा स्कूल बस विभाग का अखिल भारतीय प्रभारी सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए हैं। श्री गरचा को स्कूल बस विभाग का अखिल भारतीय प्रभारी बनाने पर बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सदस्य सूर्यकांत शुक्ल, अनुराग शुक्ला, मो. शहाबुद्दीन, मो. हसन खान, गणेश गुप्ता, शकील अहमद सिद्दीकी, राजेश देवांगन, विनोद मिश्रा, गुरमीत सिंह शंभू, अजय सिंह गिल, नवप्रीत सिंह गरचा, शैलेंद्र सिंह भदोरिया, हषवर्धन गुप्ता, मनीष जैन, ललित विश्वकर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 4 जनवरी से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज द्वारा दो दिवसीय 4 और 5 जनवरी को 14वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही युवक-युवती परिचय सम्मेलन और परिचय पुष्प का विमोचन कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम विधानसभा भवन के पास ग्राम बरौदा में सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल साहू, महासचिव संतोष साहू व केंद्रीय मीडिया प्रभारी प्रेमनारायण चौधरी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को सुबह 9 बजे ग्रामवासियों तथा अतिथियों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### 71 मंडलों का किया गया इजाफा, अब प्रदेश में भाजपा के 476 मंडल

# मंडलों में 3 नामों का पैनल तय, सर्वसम्मति से 17 से 19 तक बनाए जाएंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। बूथ कमेटियों के चुनाव के बाद अब मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसके पहले नए मंडलों का भी गठन किया गया है।

प्रदेश संगठन ने राष्ट्रीय नेतृत्व से प्रदेश में मंडलों की संख्या बढ़ाने की मंजूरी मांगी थी, वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब नए मंडल बनाए गए हैं। प्रदेश में 71 नए मंडल बने हैं, ऐसे में अब प्रदेश में भाजपा के 476 मंडल हो गए हैं। इन सभी मंडलों में अध्यक्ष के लिए तीन-तीन नामों का पैनल भी तय हो गया है। प्रदेश के चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख के मुताबिक 17 से 19 दिसंबर तक सर्वसम्मति से एक नाम तय करके नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। कहीं भी चुनाव कराने की स्थिति होने की संभावना कम है।

छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभाओं में 24 हजार से ज्यादा बूथ हो गए हैं, लेकिन भाजपा के मंडलों की संख्या अब तक 405 ही थी, जबकि जिलों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। इस बार प्रदेश संगठन ने प्रदेश में संगठन चुनाव से पहले राष्ट्रीय नेतृत्व को मंडलों की संख्या में इजाफा करने का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब मंडलों की संख्या में इजाफा किया गया है।

■ 17 से 19 दिसंबर तक सर्वसम्मति से एक नाम तय कर के नामों का होगा ऐलान

■ कहीं भी चुनाव कराने की स्थिति होने की संभावना कम



### अब एक मंडल में 45 से 50 बूथ

मंडलों को बढ़ाने के लिए जो फार्मूला तय किया गया, उसमें सबसे अहम यह है कि अब एक मंडल के लिए बूथों की संख्या 45 से 50 हो गई है। पहले कई मंडलों में 80 से 100 या फिर इससे भी ज्यादा बूथ थे। जैसे राजनांदगांव के एक मंडल में सौ बूथ थे। अब उसको दो मंडलों में बांटा गया है। रायपुर शहर की चार विधानसभाओं में एक हजार से ज्यादा बूथ हैं, लेकिन यहां पर मंडल 16 थे, एक-एक मंडल में 80 से 90 बूथ थे। अब यहां पर 20 मंडल कर दिए गए हैं। ऐसे में अब एक मंडल में 45 से 50 बूथ हो गए हैं। नए मंडलों के गठन के कारण कुछ मंडलों के जिलों के साथ विधानसभा में भी बदलाव हो गया है। जैसे दुर्ग और भिलाई के कुछ मंडलों की विधानसभा के साथ जिले भी बदल गए हैं। इसी तरह से अन्य जिलों में भी परिवर्तन वहां पर मंडलों के परिसीमन के कारण हुआ है।

### तीन दिनों में तय होंगे मंडल अध्यक्ष

प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, राष्ट्रीय नेतृत्व से मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश संगठन ने मंडलों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया, ऐसे में मंडलों के चुनाव में भी अब 405 मंडलों के स्थान पर 476 मंडलों का चुनाव होगा। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना था, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे के कारण चुनाव की तिथि चार दिनों के लिए आगे बढ़ी है। अब मंडलों में 17 से 19 दिसंबर तक अध्यक्षों का चुनाव हो जाएगा। बीजापुर के पांच मंडलों और जांजगीर चांपा के दो मंडलों में अभी चुनाव नहीं हो पाएगा। इसी के साथ 16 दिसंबर से जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी

## प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर महिला कांग्रेस का मौन धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर महिला कांग्रेस ने प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया। एक तरफ भाजपा सरकार जनादेश पर्व मना रही है, वहीं जनादेश को भाजपा सरकार ने अपमानित करते हुए पूरे प्रदेश को अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का अड्डा बना रखा है।

■ भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं

जिलों में हत्या, बलात्कार, बलवा और आगजनी के मामले आते ही जा रहे हैं और भाजपा सरकार इसे अपनी उपलब्धि मानकर जश्न मना रही है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार की असफलता के एक वर्ष पूर्ण होने पर आज महिला कांग्रेस ने प्रदेशभर में आंदोलन किया। भाजपा ने जनता के साथ जो वादे किए थे, उस पर छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया, महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, बलौदाबाजार, कवर्धा, सूरजपुर, इसके उदाहरण हैं, चाकूबाजी, मर्डर, दुष्कर्म, सामूहिक, लूटपाट, डाका, आम घटनाएं हो गई हैं। महिलायें प्रदेश में असुरक्षित हैं। इन आरोपों के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की विफलताओं को आईना दिखाते मौन धरना प्रदर्शन किया गया।

## तीन साल की पढ़ाई में दो वर्ष का अध्ययन अवकाश

**विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिले डाक्टर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन साल की एमडी-एमएस, एमसीएच,डीएम की पढ़ाई के लिए शासन द्वारा सेवारत स्नातक अभियार्थियों को दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत किए जाने के मामले में डाक्टरों ने विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात की है। हवाला दिया गया है कि एक साल के अवैतनिक अवकाश के दौरान उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है। जबकि मध्यप्रदेश ओडिशा द्वारा उच्च अध्ययन के लिए तीन साल का अवकाश दिया जाता है।
जूनियर डाक्टर फेडरेशन ने रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें तर्क दिया है कि विभिन्न अस्पतालों में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी पीजी की पढ़ाई पूरी होने के बाद अनुबंध अवधि की ड्युटी पूरी करते हैं। इसके बाद भी उन्हें दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया जाता है और एक वर्ष को असाधारण अवकाश माना जाता है। तर्क दिया गया है कि एक वर्ष अवैतनिक अवकाश के दौरान उन्हें आर्थिक समस्या से जूझना पड़ता है। अन्य राज्यों में चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए तीन साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है। उन्हें यह भी बताया गया कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अनुमोदन के बाद भी विभागीय फाइल वित्त विभाग के पास अटकी हुई है। रमन सिंह से निवेदन किया गया है कि वे हस्तक्षेप उन्हें तीन साल का अध्ययन अवकाश दिलाएं। चिकित्सा छात्रों की समस्या को सुलझाने में रमन सिंह ने शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया है। विधान सभा अध्यक्ष से मुलाकात करने वाले में डाक्टर फेडरेशन के डॉ. हीरा सिंह, सचिव गंधर्व पांडे, डॉ. विकास जैन एवं डा. सुषमा शामिल थी।

## युवाओं को साइबर सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

**साइबर जागरूकता ही सुरक्षा का उपाय**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच रायपुर चैप्टर द्वारा साइबर युद्ध और साइबर योद्धा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गोलोक बिहारी राय ने कहा, वर्तमान परिदृश्य के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियां जैसे धोखाधड़ी, फेक न्यूज, गलत सूचना और साइबर बुलिंग से भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरा तथा सामान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राओं खासकर युवाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस तरह के खतरों से सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यशाला के अतिविशिष्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा कि साइबर सुरक्षा से जुड़ी सुरक्षात्मक प्रक्रियाओं में फ़ायरवॉल, नेटवर्क डिटेक्शन और रिस्पॉन्स (एनडीआर) और एंडपॉइंट डिटेक्शन और रिस्पॉन्स (ईडीआर) शामिल हैं। मुख्य वक्ता पूर्व डीजी आरके विज ने साइबर सुरक्षा से जुड़े उपायों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बीज वक्ता एनआरटीओ के पूर्व निदेशक आलोक विजयंत, मंच के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वर्णिका शर्मा, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच तथा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में रायपुर चैप्टर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष तौकीर रजा ने उद्घाटन एवं स्वागत भाषण देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच एफएएनएस पूरे देश भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा पर जनजागरण का कार्य कर रहा है।

रायपुर नगर निगम के 3 प्रोजेक्ट के लिए जारी होगा बांड, प्राइवेट पार्टी के लिए पहली बार निगम बांड

## जनवरी के अंत तक आएगा 100 करोड़ का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदौर नगर निगम की तर्ज पर अब रायपुर में भी आय बढ़ाने और व्यय घटाने का इंतजाम रायपुर नगर निगम करने जा रहा है। इसके लिए जनवरी के अंत तक नगर निगम 100 करोड़ रुपए का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। 3 प्रोजेक्ट के लिए यह ओपन बांड होगा, जिसमें बांड खरीदने वालों को नगर निगम 8 से 9 फीसदी ब्याज भी देगा। बांड का निवेश ऐसे प्रोजेक्ट पर किया जाएगा, जिससे नगर निगम की आय बढ़े। शनिवार को म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करने की तैयारी को लेकर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मुंबई और इंदौर के फर्मों के चार्टर्ड एकाउंटेंट से चर्चा की।

नगर निगम अपनी आय बढ़ाने अब म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। नगर निगम के 3 व्यावसायिक प्रोजेक्ट के लिए यह बांड जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसमें समता कालोनी स्थित नगर निगम के भैंसथान की जमीन पर प्रस्तावित प्रोजेक्ट, मालवीय रोड स्थित नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग पर व्यावसायिक परिसर निर्माण और पंडरी के क्रिस्टल आर्किड के पास स्थित जमीन पर प्रस्तावित प्रोजेक्ट शामिल है। इसमें 40, 40 करोड़ और 20 करोड़ के प्रोजेक्ट को लेकर म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करने की योजना है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी किए जाने की तैयारी के संबंध में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गांधी सदन में मुंबई के पीआरपी प्रोफेशनल एज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष गौरव कुटे और इंदौर के मुकुल एंड गुप्ता चार्टर्ड एकांउटेंटस संतोष मुच्छाल के साथ चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली। साथ ही इस कार्य को गतिमान करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, कृष्णा खटिक, संयुक्त संचालक वित्त डीके निर्मलकर, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में मुंबई और इंदौर के फर्मो के प्रतिनिधियों से चर्चा की और रायपुर नगर निगम की ओर से म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी किये जाने के संबंध में तैयारी को लेकर विमर्श किया।

## चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक 17 को, श्रीचंद ने बैठक पर जताया ऐतराज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्य समिति की बैठक 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे बांबे मार्केट स्थित चैंबर सभाभवन में आयोजित की गई है। चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बैठक में प्रदेश के सभी कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया है। वहीं पूर्व चैंबर अध्यक्ष और विधायक रहे श्रीचंद सुंदरानी ने बैठक को असंवैधानिक करार देते हुए कहा है, बैठक को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। इस पर चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने दो टूक शब्दों में कहा है कि हम व्यापारी हित में एवं संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप संविधान के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक के संबंध में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने की है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक 17 दिसंबर को आयोजित होने जा रही है। बैठक से पहले व्यापारी एकता पैनल से पूर्व चैंबर अध्यक्ष और पूर्व विधायक रहे श्रीचंद सुंदरानी ने चैंबर की बैठक को असंवैधानिक बताते हुए कहा है कि पिछली कार्यसमिति में चुनाव की घोषणा कर चुनाव अधिकारी की घोषणा कर दी गई है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की बैठक एक्ट के अनुसार वैध नहीं होगी। चैंबर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने 17 दिसंबर को बुलाई गई प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक को संविधान के अनुरूप बताते हुए कहा है कि हम व्यापारी हित में संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप और संविधान के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं।

## इतिहास का बखान करने वाला सबसे उन्नत ग्रंथ है भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सबका हित करने वाला, सोचने वाला ही सच्चा राजनीतिज्ञ होता है, लेकिन आज राजनीति दूषित हो चुकी है। राजनेता ऐसे आराम से रहते हैं और जनता तकलीफ में है। ये बातें चंगोराभाठा में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ के सातवें दिन शनिवार को आचार्य पं. झम्मन शास्त्री महाराज ने कही। उन्होंने आगे बताया कि भागवत कथा इतिहास का बखान करने वाला सबसे उन्नत ग्रंथ है। आज देश की सुरक्षा के लिए सिपाहियों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, जबकि श्री रामचंद्र की सेना में शामिल सैनिकों ने भावनात्मक रूप से जुड़कर लंका जीत ली थी। संस्कार और वचनों के क्रियान्वयन की सीख राजा दशरथ से लेनी चाहिए, जिन्होंने राजा जनक के भेजे हुए दहेज को गलत मानकर स्वीकार नहीं किया। सोने से पहले मोबाइल छोड़कर भगवान को पकड़ लिया जाए तो अच्छी नींद आएगी और खराब सपने परेशान नहीं करेंगे। भगवान को तुलसी दल चढ़ाने को भी लोग कतराते हैं।

यही कारण है कि उनके बच्चे दूध, मक्खन, रबड़ी, मलाई क्या है, स्वाद नहीं जानते। जबकि बच्चों को संस्कार नहीं देंगे, तब तक आकार भी नहीं बनेगा, बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करें, नहीं तो तकलीफें बढ़ती रहेंगी।













प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### कौंदकेरा में एमएलए क्रिकेट ट्राफी प्रतियोगिता 20 से

**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत कौंदकेरा के ग्रामीण युवा संगठन समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में एमएलए क्रिकेट ट्राफी प्रतियोगिता का भव्य आगाज होने जा रहा है। प्रतियोगिता देवरी मैदान कौंदकेरा में 20 दिसम्बर से 31 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में आयोजक समिति ने बताया कि एम एल ए ट्राफी प्रतियोगिता का आयोजन हमारे क्षेत्र में पहली बार हो रहा है जिसे सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी जोरों से चल रही है इस प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू द्वारा उद्घाटन व समापन किया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला पुरुस्कार 80 हजार रु.,दूसरा पुरुस्कार 40 हजार रु. एवं तीसरा पुरुस्कार 22 हजार रु. रखा गया है। साथ ही हैट्रिक छक्के,चौके,विकेट जैसे अन्य पुरुस्कार भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता में 32 टीमों के बीच ही चार ग्रुप में विभाजित कर मुकाबला करवाया जाएगा। जिसके लिए प्रत्येक टीम को भाग लेने के लिए 3,500 रु. निर्धारित किया गया है। फाइनल मैच 31 दिसंबर को खेला जाएगा। विधायक रोहित साहू समापन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे और टूर्नामेंट के विजेताओं और भाग लेने वाली टीमों को पुरस्कार वितरित करेंगे। आयोजन को लेकर खेल मैदान की मरम्मत को लेकर युवाओं के द्वारा पिच आदि का निर्माण किया जा रहा है।

### मैनपुर क्षेत्र के अविनाश का सीआईएसएफ में चयन

**मैनपुर।** विकासखंड के ग्राम इंदागांव के निवासी अविनाश ठाकुर का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है। अविनाश के पिता राजप्रताप सिंह ठाकुर पेशे से ब्रांच पोस्ट मास्टर हैं व माता श्रीमती सरोज ठाकुर गृहिणी हैं। बचपन से ही अविनाश का सपना फौज में जाने का था। इसी सपने



को पूरा करने के लिए उसने कड़ी मेहनत की। जुनून इस कदर था कि दोस्त अविनाश को मेजर के नाम से पुकारते थे। एक बार फाइनल मेरिट से बाहर होने पर भी तैयारी नहीं छोड़ी और अंततः एसएससी जीडी की परीक्षा पास कर सीआईएसएफ में चयन हुआ। गांव ही नहीं अथवा क्षेत्र के पहले ऐसे नवयुवक हुए जिनका सीआईएसएफ में चयन हुआ है। अविनाश ने अपनी सफलता का श्रेय भगवान, मातापिता, अपने गुरुजनों, मित्रगण और अपनी मेहनत को दिया है। उनका कहना है कि मेहनत करोगे तो उसका फल भी जरूर मिलेगा। मेरे जीवन में भी एक ऐसा समय आया था जब मुझे लगा कि सब खत्म हो चुका है। इसके बाद कुछ नहीं बचा,पर मैने एक नए जोश के साथ शुरुआत की पहले से ज्यादा मेहनत की और आज सीआईएसएफ में चयनित हूं।

### सायकल सवार को बस ने मारी टक्कर, हुई मौत

**महासमुंद।** सायकल से चंदखुरी जा रहे एक व्यक्ति को बस ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामला सरायपाली थाने का है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि चंद्रमणि चौहान पिता टेंगनु चौहान (55 वर्ष) लिमऊगुडा 12 दिसंबर को अपने सायकल से चंदखुरी जा रहा था, तभी लिमऊगुडा मोड़ के पास करीब दोपहर 2 बजे पहुंचा था कि ग्राम मुंधा की ओर से आ रही बस क्रमांक सीजी 06 डी 9539 के चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मृतक के सायकल को पीछे से ठोकर कर मारकर एक्सीडेंड कर दिया, जिससे चंद्रमणि चौहान को सीएचसी सरायपाली लाया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

---

**आयोजन : आदिवासी समाज को शहीद वीर नारायण सिंह के बताए मार्गों पर चलने की जरुरत : ओंकार**

# प्रकृति की सुरक्षा की शिक्षा आदिवासी समाज से सीखने की आवश्यकता : शिशुपाल सोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- ग्राम उरमाल में शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम में सामाजिकजन हुए शामिल

विकासखण्ड के ग्राम उरमाल में रविवार को अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज कांदाडोंगर देवभोग राज द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस पर भव्य कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय गोड़वाना गोड़ महासभा राष्ट्रीष्य अध्यक्ष शिशुपाल सोरी, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक एवं केन्द्रीय अमात गोड़ समाज अध्यक्ष कुमार ओंकार शाह पहुंचे तो स्वागतत किया गया। शहीद वीर नारायण सिंह के छाया चित्र एवं बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अखिल भारतीय गोड़वाना गोड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल सोरी ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज में एकता और भाईचारा बढ़ता है। समाज के लोग एक जगह एकत्र होकर विकास और उत्थान के बारे में चर्चा करते हैं। निश्चित रूप से इस कार्यक्रम से आदिवासी समाज को काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह अन्याय और अत्याचार के खिलाफ अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। उनका बलिदान इतिहास में अमर रहेगा। आज आदिवासी समाज के लोगों को महान क्रांतिकारियों शहीद वीर नारायण सिंह,रानीदुर्गावती,बिरसामुड़ा जैसे से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उनके बताए मार्गों पर चलने की जरूरत है। श्री शाह ने कहा, देखने को मिल रहा है आदिवासी समाज के लोगो को लगातार कई स्थानों पर बेवजह परेशान किया जा रहा है। जबकि आदिवासी समाज काफी सीधे सरल, भोले भाले हैं। अगर लगातार हमारी संस्कृति के साथ छेड़छाड़ की जाएगी तो हम छोड़ेंगे नहीं।

जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने कहा छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत को आज के इस पीढ़ी को और अधिक जानने और समझने की जरूरत है। वीर नारायण सिंह का जीवन चरित्र प्रेरणाओं से भरा हुआ है। वीर नारायण सिंह ने सोनाखान में सदियों पहले साम्राज्यवाद सामंतवाद के विरूध्द बिगुल फूंककर अपनी गरीब जनता का पेट अनाज के गोदामों को लूटकर भरा था। आवश्यकता आज इस बात की है कि समाज वीर नारायण सिंह की नीतियो और सिध्दांतों को आत्मसात करते हुए समाज को प्रगति के पथ पर ले जाएं। अजजा शासकीय सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आरएल ध्रुव ने कहा छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ व गरीबों के उपर हो रहे अत्याचारों पर करारा जवाब दिया। आदिवासियों के शेर कहे जाने वाले अमर शहीद वीर नारायण सिंह को राज्य के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा प्राप्त है।










इस मौके पर पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय गोड़वाना गोड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल सोरी,पूर्व विधायक एवं अमात गोड़ समाज केन्द्रीय अध्यक्ष ओंकार शाह राज अध्यक्ष जयसिंह साण्डिल्य आरएन ध्रुव तुलसीदास मरकाम,दीपा शाह,एफ एल नागेश,जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम,लोकेन्द्र कोमर्रा,चरणसिंह मांझी राजकुमार मांझी,भोज सिंह मांझी महेन्द्र

**ये रहे उपस्थित**

नेताम,युवराज नेताम,महेश्वर सिंह कोमर्रा,हेमसिंह मांझी जबर सिंह नागेश,अमृतलाल कोमर्रा,मेघेश्वर कोमर्रा,कमलेश मांझी,सावित्री नागेश,दुष्यन्त धुर्वा,रामेश्वर सिंह कपिल,मोहन सिंह मांझी रोहित नागेश,केशर सिंह,चरण सिंह,डोमार,तिरन नागेश,जगमोहन पुजारी,अवधराम मरकाम,बलदेव सिंह नेताम,धनसिंह मरकाम,गुजरात कमलेश,गीता ठाकुर,राजेश्वरी नागेश,पूर्णा नागेश,बैरंगी बाई,गीता नागेश,अनुज सिंह मांझी,तोषण सोम,गोवर्धन सिंह साण्डिल्य,प्रमोद मांझी,नयन सिंह ठाकुर,मुकेश दीवान,गगन कोमर्रा,कमलेश मांझी,केवल मांझी,उमेश पटेल,ललित पुजारी सहित सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

---

## क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना का...





**नवापारा-राजिम।** डंगनिया में आयोजित श्रीमदभागवत महापुराण कथा में शामिल होकर जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ने पूजा-अर्चना करते हुए पूरे क्षेत्र के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना किया। उन्होंने पंडितजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही क्षेत्र के लोगों से कहा कि प्रभु की महिमा अपरम्पार है। श्रीमदभागवत कथा का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है। धर्म-कर्म में पूरी श्रद्धा के साथ शामिल होकर अपने जीवन को सफल बनाएं।

---

## जिपं अध्यक्ष माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर सुख-शांति व समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देवभोग और मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के अनेक ग्रामों में इन दिनों महालक्ष्मी पूजा कार्यक्रम का आयोजन कर गांव-गांव कलश यात्रा निकाल कर विधि विधान के साथ माता लक्ष्मी की मूर्ति की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। जिससे पूरा क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर लगातार गांव-गांव पहुंच कर माता लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती स्मृति ठाकुर ने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र से में सुख समृद्धि खुशहाली बनी रहती है। पूरे गांव और क्षेत्र के लोग एक जगह एकत्र होकर माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हैं, जिससे गांव में सदभावना भाईचारा देखने को मिल रहा है। रात में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम में हमेशा उनका योगदान रहेगा।



---

## राज्य आंदोलनकारियों ने तुमगांव में राज्योत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा सत्याग्रही किसानों का रजत जयंती राज्योत्सव कार्यक्रम 14 दिसंबर को महासमुंद के मीना बाजार तुमगांव में धूमधाम से मनाया गया।जिसमें नगर के मुख्य मार्गो,चौक चौराहों में स्थानीय कलाकारों का जगह- जगह प्रदर्शन किया गया। आतिशबाजी के साथ जगह छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार सुनील तिवारी नाइट का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान 21 वीं सदी किसान सत्याग्रह नामक बुक का विमोचन किया गया। अतिथि के रूप में राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे, जीपी चंद्राकर, लालाराम वर्मा, वेगेंद्र सोनवेर ,गोवर्धन वर्मा, छन्नु साहू, बृजबिहारी साहू, अशोक कश्यप शामिल हुए।




प्रथम चरण में दोपहर 2 बजे से जिले के स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित आकर्षक लोक नृत्य करमा, राउत नाचा, सुआ पंथी नगर के प्रमुख सड़क एवं चौक चौराहा में बाजे-गाजे एवं साज-सज्जा के साथ आकर्षक नृत्य का प्रदर्शन के साथ जगह-जगह आतिशबाजी की गई। दूसरे चरण में शाम 6.00 बजे से 21वीं सदी किसान सत्याग्रह नमक बुक का महिला किसान मोर्चा द्वारा विमोचन किया गया। मीना बाजार मैदान तुमगांव में शाम 7.30 बजे से छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार सुनील तिवारी और उनके रंग झांझर टीम के कलाकारों द्वारा आकर्षक और मनमोहक छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया किया। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन समिति के बैनर तले जिले वरिष्ठ 12 राज्य आंदोलनकारियों का 'छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण सेनानी' के नाम से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नंदकुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में लगभग 51 गांव के सैकड़ों की संख्या में किसान, महिला किसान, मजदूर शामिल हुए।

---

## बिहान सदस्यों ने सुशासन दिवस पर सजाई रंगोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड के बोईरगांव में राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के सदस्यों ने विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर सुशासन दिवस के अवसर पर रंगोली सजाई गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से हेमंत तिर्की,विजय रात्रे,धनेश्वरी नागेश, मीनाबाई, हिरोन्दी बाई रेवती मनहरे आदि उपस्थित थे।

---

**कथा प्रसंग के पहले राधाकृष्ण मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा**

## व्यक्ति को सच्ची राह दिखाती है गीता : ब्रहमाकुमारीज भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्रीमद् भागवत कथावाचक राज योगिनी भारती दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक मानव मोह व चिंता से ग्रसित है। अर्जुन की तरह अनेक मनोविकारों की शंका में डूबा हुआ है, उसे सत्य की राह दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में प्रत्येक मानव की दशा को देखकर भगवान श्रीकृष्ण निराशा में डूबे मानव को आशा की किरण दिखा रहे हैं। सत्यमार्ग दिखलाकर मानव मन को सुख, शांति, शक्ति प्रदान कर रहे हैं। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

शहर के राधाकृष्ण मंदिर में रविवार से आयोजित भागवत सप्ताह के प्रथम दिन गीता ज्ञान के संबंध में बता रही थीं। कथा प्रसंग के पहले राधाकृष्ण मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गंज रोड, बस स्टैंड ,सदर बाजार होते हुए पुनः राधाकृष्ण मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माघ शीर्ष पूर्णिमा के दिन श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होना सौभाग्य की बात है। इसे अपने जीवन को समझने व श्रेष्ठ कर्म करके तकदीर को संवारें।

नारायण भाई ने कहा कि गीता ज्ञान निर्मल जल की तरह है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति इस ज्ञान सागर में डुबकी लगाता है उसके सभी मनोविकार मिट जाते हैं। कथा प्रसंग के दौरान बिलासपुर ,कटनी, शहडोल ,गुंडरदेही, दुर्ग ,बालोद सहित नवापारा और राजिम के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद थे।









रामेश्वरम धाम यात्रा

तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी

यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा

राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)